राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1916/2023 दिनांकः—27 जून, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः—योग दिवस—2023 पर विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम विषयक।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक डा0 पंकज एल0जानी, कुलाधिपति के विशेष कार्य अधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0— ई—3795/32—जी0एस0/2023 दिनांक 26 जून, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें निर्देशित किया गया है कि महाविद्यालय स्तर पर आयोजित योग कार्यक्रम में कुल प्रतिभागियों की संख्या एवं प्रत्येक महाविद्यालय के कम से कम 10 अच्छे फोटोग्राफ्स एवं समाचार पत्रों की कटिंग—दिनांक 28.06.2023 के सायं 04:00 बजे तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के अनुपालन में आपसे अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 21 जून, 2023 योग दिवस के कार्यक्रम में प्रतिभागियों की स्पष्ट संख्या, कम से कम 10 अच्छे फोटोग्राफ्स/वीडियो क्लिप समाचार पत्रों की कटिंग विश्वविद्यालय की ईमेल rmpuinfo@gmail.com पर दिनांक 28 की अपराहन 02:00 बजे तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः—यथोपरि।

भवदीय

27/6/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. डा0 पंकज एल0जानी, कुलाधिपति के विशेष कार्य अधिकारी, राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा/अलीगढ़।
4. प्रो0 नीता वार्ष्णेय, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
5. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
7. गार्ड फाईल।

27.06.23

सहायक कुलसचिव

V letter

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ–226027
संख्या: ई–3295 / 32–जी0एस0 / 2023
दिनाँक: 26 ,जून–2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय:– विश्व योग दिवस–2023 पर विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूच्य है कि इस सचिवालय के पत्र संख्या:ई–3678 / 32–जी0एस0 / 2023 दिनाँक: 19, जून–2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्व योग दिवस–2023 पर विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में उपस्थित कुल प्रतिभागियों से सम्बन्धित सूचनायें उसी दिवस ई–मेल पर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया था।

विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रदेश भर से प्राप्त समाचारों, उपलब्ध कराये गये फोटोग्राफ्स के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा पूर्ण उत्साह वर्धन के साथ योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में विश्व योग दिवस पर विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों की श्रंखला एवं एक साथ योग करने हेतु उपस्थित प्रतिभागियों की संख्या एक वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की ओर अग्रसर है, जो बेहद सराहनीय व उत्साह जनक है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि **विश्व योग दिवस दिनाँक: 21–06–2023 को विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर आयोजित योग कार्यक्रम में सम्मिलित कुल प्रतिभागियों की स्पष्ट संख्या तथा विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय स्तर पर आयोजित योग कार्यक्रम में सम्मिलित कुल प्रतिभागियों की स्पष्ट संख्या के सम्बन्ध में महाविद्यालयवार अपनी आख्या, सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा प्रतिभागियों की उपस्थिति विषयक हस्ताक्षरित स्पष्ट सर्टीफिकेट एवं महाविद्यालयवार कम से कम 10 अच्छे फोटोग्राफ, समाचार पत्रों की कटिंग आदि राजभवन की ई–मेल hgovup@gov.in पर अनिवार्य रूप से दिनाँक 28–06–2023 को अपरान्ह 04.00 बजे तक प्रेषित करने का कष्ट करें।** कृपया यह सुनिश्चित करलें कि महाविद्यालयों द्वारा सीधे राजभवन की ई–मेल पर कोई भी आख्या / फोटोग्राफ आदि प्रेषित न किये जायें।

इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये कि दिनाँक 21–06–2023 को आयोजित योग दिवस कार्यक्रम से सम्बन्धित समस्त फोटोग्राफ / वीडियो क्लिप तथा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित हुयी खबरों की समस्त कटिंग एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर समाचार से सम्बन्धित वीडियो क्लिप आदि सुरक्षित रखी जायें।

भवदीय

(डॉ0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी